आइआइटी के नवप्रवेशी छात्रों ने लगाए पौधे

बीएचयू स्थित आइआइटी में पौधरोपण करते विद्यार्थी • जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) में मंगलवार को जिमखाना सहित अन्य खेल के मैदानों में नव प्रवेशी छात्रों ने फलदार पौधे लगाए। इसका नेतृत्व अधिष्ठाता प्रो. बीएन राय ने किया।

प्रो. राय ने बताया कि 20 स्वर्णरिखा आम, पांच आंध्रा जामुन, पांच कांटा रहित बेल, 10 चीकू, 10 नरेंद्र आंवला, 10 लीची, 10 रिका पॉम और 10 फॉक्सटेल पॉम के पौधे लगाए गए।

कहा कि महामना हमेशा फलदार वृक्षों को लगाने की प्रमुखता देते थे ताकि विद्यार्थियों को फल यहीं कैंपस में ही सुलभ रहे। नवप्रवेशी छात्रों ने अपने लगाए पौधों को गोद लिया और संकल्प लिया कि आने वाले चार वर्षों तक वे इनका ख्याल रखेंगे।

जरूरत पड़ी तो आवास के लिए जाएंगे बाहर

वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू के निदेशक प्रो. पीके जैन ने कहा है कि आइआइटी बीएचयू का ही हिस्सा है और आगे भी रहेगा। कैंपस को बाहर ले जाने जैसी मंशा न पहले कभी थी और न भविष्य में कभी होगी।

जरूरत पड़ी तो अधिकारियों, कर्मचारियों के हित में बाहर आवास देखे जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान महामना पं. मदन मोहन मालवीय के आदर्शों और मूल्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित है, वहीं रजिस्ट्रर डा. एसपी माथुर ने कहा कि बीएचयू के साथ कि कोई जमीन संबंधित विवाद नहीं है।

दैनिक जागरण–08.08.2018